प्रादेशिक समाचार
दिनांक– 02.10.2024 (दोपहर–1310 बजे)

मुख्य समाचार

1. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने नयी दिल्ली में 9600 करोड़ रुपये से अधिक की स्वच्छता संबंधी योजनाओं का किया शुभारंभ और शिलान्यास, कहा –नमामि गंगे और गोवर्धन योजना से नयी ऊंचाइयों को छूएगा स्वच्छ भारत अभियान।
2. प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अब से कुछ देर बाद हजारीबाग से 79 हजार करोड़ रुपए से अधिक की धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का करेंगे शुभारंभ, 83 हजार 700 करोड़ की विभिन्न योजनाओं का करेंगे शिलान्यास और उद्घाटन।
3. कृतज्ञ राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी और पूर्व प्रधानमंत्री लाल बहादुर शास्त्री को उनकी जयंती पर अर्पित कर रहा श्रद्धांजलि, राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू और राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने की सत्य और अहिंसा के दिखाए मार्ग पर चलने की अपील।
4. मौसम विभाग ने दुर्गा पूजा के दौरान रांची, खूंटी और रामगढ़ समेत आसपास के इलाकों में बारिश होने की जताई संभावना, दस अक्टूबर तक झारखंड से विदा होगा मॉनसून।

****

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आज नयी दिल्ली के विज्ञान भवन में 9 हजार छह सौ करोड़ रुपये से अधिक की स्वच्छता संबंधी योजनाओं का शुभारंभ और शिलान्यास किया। स्वच्छ भारत अभियान के आज दस वर्ष पूरे होने के अवसर पर आयोजित कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए प्रधानमंत्री ने कहा कि नमामि गंगे और गोवर्धन योजना स्वच्छ भारत अभियान को नई ऊंचाई पर ले जाएंगी।

प्रधानमंत्री ने कहा कि आज से 1 हजार साल बाद जब 21वीं सदी के भारत का अध्ययन होगा, तो उसमें स्वच्छ भारत अभियान को जरूर याद किया जाएगा।

****

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी अब से कुछ देर बाद हज़ारीबाग़ आएंगे, जहां वे 79 हजार 156 करोड़ रुपये की लागत से प्रधानमंत्री धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान का शुभारंभ करेंगे। इसके अलावा प्रधानमंत्री 83 हजार 700 करोड़ की विभिन्न योजनाओं का शिलान्यास और उद्घाटन भी करेंगे। केंद्रीय जनजातीय मामलों के मंत्री जुएल ओराम ने कहा कि प्रधानमंत्री जनजातीय उन्नत ग्राम अभियान के दायरे में लगभग 63 हजार गांव आएंगे।

हमारे संवाददाता ने बताया है कि धरती आबा जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान से पांच करोड़ से अधिक जनजातीय लोगों को इस योजना का लाभ मिलेगा।

****

कृतज्ञ राष्ट्र आज राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 155वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित कर रहा है।

****

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने लोगों से सत्य, अहिंसा, प्रेम और पवित्रता के मूल्यों को अपनाने का संकल्प लेने की अपील की है। राष्ट्रपिता महात्मा गांधी को उनकी 155वीं जयंती पर श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए राष्ट्रपति ने कहा कि सत्य और अहिंसा के अनुयायी बापू का जीवन पूरी मानवता के लिए एक विशिष्ट संदेश है।

****

राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार ने कहा है कि राष्ट्रपिता महात्मा गांधी के बताए गए सिद्धांत पहले भी प्रासंगिक थे और आज उनकी प्रासंगिकता कहीं और अधिक बढ़ गई है। राज्यपाल आज रांची के मोराबादी मैदान स्थित बापू वाटिका में महात्मा गांधी की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित करने के बाद पत्रकारों से बातचीत कर रहे थे।

इस अवसर पर मौजूद राज्य के वित्त मंत्री रामेश्वर उरांव ने कहा कि आज भी यदि बापू के सिद्धांतों को अपनाया जाए तो बेरोजगारी की समस्या को दूर किया जा सकता है।

****

मौसम विभाग ने इस बार दुर्गा पूजा के दौरान बारिश होने की संभावना जताई है। रांची स्थित मौसम केंद्र के निदेशक अभिषेक आनंद ने बताया कि दस अक्टूबर तक झारखंड से मॉनसून की विदाई होगी लेकिन इससे पहले दुर्गा पूजा के दौरान चार से छह अक्टूबर तक रांची, खूंटी और रामगढ़ समेत आसपास के इलाकों में मध्यम दर्जे की बारिश हो सकती है।

******समाप्त**************